**दिनांक 07.01.2021**

**प्रति,**

**सम्पादक**
**दैनिक**

# योग विज्ञान और फाइन आर्ट में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

- **ऑनलाइन आवेदन एवं ऑनलाइन इंटरव्यू के ज़रिए मिलेगा प्रवेश**
- सांची विश्वविद्यालय ने जारी किए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम
- फाइन आर्ट और चीनी भाषा के पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ
- ऑनलाइनआवेदन करने की अंतिम तिथि 11 जनवरी, 2021

कोरोना के कारण सभी स्तरों पर छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। जैसे-जैसे हालात सामान्य होते जा रहे हैं.....छात्रों का फोकस भी ऐसे पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ गया है जिससे उनका वर्ष खराब न हो और ऐसी पढ़ाई की जाए जो जीवन जीने की कला सिखा दे।

मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा संचालित किया जाने वाला सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय द्वारा योग साइंस में एम.एस.सी तथा फाइन आर्ट में मास्टर डिग्री के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। **खास बात ये है कि आवेदन करने वाले छात्रों को घर बैठे ही आवेदन हेतु इंटरव्यू देने होंगे।**

सांची विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भारतीय दर्शन, बौद्ध अध्ययन, वैदिक अध्ययन, योग विज्ञान, चीनी भाषा, भारतीय शिक्षा एवं समग्र विकास, अंग्रेज़ी, हिंदी, संस्कृत में एम.ए के पाठ्यक्रमों में प्रवेश आमंत्रित किए गए हैं।

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए छात्रों को मात्र साक्षात्कार देना होगा। ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 11 जनवरी, 2021 है। ऑनलाइन इंटरव्यू 19 जनवरी, 2021 को आयोजित किए जाएंगे।

पात्रता मापदंड, प्रवेश प्रक्रिया, फीस, पाठ्यक्रम, साक्षात्कार, छात्रवृत्ति एवं अन्य जानकारी के लिए सांची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sanchiuniv.edu.in पर लॉगइन किया जा सकता है। प्रवेश संबंधी प्रश्नों के लिए **admission@subis.edu.in** पर ईमेल से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

दैनिक भास्कर

भोपाल, शुक्रवार 08 जनवरी, 2021

## न्यूज ब्रीफ

### ऑनलाइन इंटरव्यू से मिलेगा सांची विवि में प्रवेश

**रायसेन।** सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय द्वारा योग साइंस में एमएससी और फाइन आर्ट में मास्टर डिग्री के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने वाले छात्रों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन इंटरव्यू देने होंगे। भारतीय दर्शन, बौद्ध अध्ययन, वैदिक अध्ययन, योग विज्ञान, चीनी भाषा, भारतीय शिक्षा एवं समग्र विकास, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत में एमए के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जानकारी विवि की वेबसाइटwww.sanchiuniv.edu.in पर है।

पत्रिका.
भोपाल, शुक्रवार, 08 जनवरी, 2021

काम की जानकारी

# फाइन आर्ट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रायसेन.** मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा संचालित सांची बौद्ध, भारतीय ज्ञान अध्ययन विवि द्वारा योग विज्ञान में एमएससी तथा फाइन आर्ट में मास्टर डिग्री के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदकों को घर बैठे ही इंटरव्यू देने होंगे। विवि द्वारा विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन इंटरव्यू 19 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। भारतीय दर्शन, बौद्ध अध्ययन, वैदिक अध्ययन, योग विज्ञान, चीनी भाषा, भारतीय शिक्षा एवं समग्र विकास, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत में एमए के पाठ्यक्रमों में प्रवेश आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 11 जनवरी है। ऑनलाइन इंटरव्यू 19 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। पात्रता मापदंड, प्रवेश प्रक्रिया, फीस, पाठ्यक्रम, साक्षात्कार, छात्रवृत्ति एवं अन्य जानकारी के लिए सांची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगइन किया जा सकता है।

पत्रिका.
भोपाल, शुक्रवार, 08 जनवरी, 2021

पत्रिका patrika.com

रायसेन पत्रिका

बेगमगंज. सिलवानी. बरेली. सलामतपुर. दीवानगज. गैरतगंज. उदयपुरा. सांची. औबेदुल्लागंज. मंडीदीप

## फाइन आर्ट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रायसेन**. मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा संचालित सांची बौद्ध, भारतीय ज्ञान अध्ययन विवि द्वारा योग विज्ञान में एमएससी तथा फाइन आर्ट में मास्टर डिग्री के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदकों को घर बैठे ही इंटरव्यू देने होंगे। विवि द्वारा विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन इंटरव्यू 19 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। भारतीय दर्शन, बौद्ध अध्ययन, वैदिक अध्ययन, योग विज्ञान, चीनी भाषा, भारतीय शिक्षा एवं समग्र विकास, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत में एमए के पाठ्यक्रमों में प्रवेश आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 11 जनवरी है। ऑनलाइन इंटरव्यू 19 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। पात्रता मापदंड, प्रवेश प्रक्रिया, फीस, पाठ्यक्रम, साक्षात्कार, छात्रवृत्ति एवं अन्य जानकारी के लिए सांची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगइन किया जा सकता है।

# प्रदेश टाइम्स

Date-8/01/2021

प्रदेश अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का आभार व्यक्त किया।

## शहर की श्वेता नेमा को राजस्थान में किया सम्मानित



विदिशा (प्रदेश टाइम्स)। अनन्ता योग एवं आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान जोधपुर के संस्थापक एवं विश्व कीर्तिमान रचियता योगाचार्य श्याम भाटी ने बताया कि देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 190 वी जयंती पर राजस्थान राज्य के जोधपुर जिले में आयोजित आदर्श नारी सम्मान, प्रतिभा सम्मान समारोह और रक्तदान शिविर में जबलपुर मध्यप्रदेश की विश्व कीर्तिमान रचियता सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के योग एवं आयुर्वेद विभाग में पीएचडी शोध छात्रा श्वेता नेमा पत्नि पंकज नेमा को जनहितकारी सामाजिक कार्यो के लिए और स्वस्थ एवं शिक्षित समाज निर्माण में सहयोग के लिए गेस्ट ऑफ ऑनर ओर आदर्श नारी सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि देश में योग के क्षेत्र में श्वेता नेमा अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं, विदिशा शहर में निशुल्क योग कक्षाओं का आयोजन कर वर्षो से लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे रही हैं। रिसर्च स्कॉलर श्वेता कई विषयों और रोगों पर रिसर्च कर चुकी हैं, इनके रिसर्च पेपर यूजीसी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की इंडेक्स सहित कही इंडेक्स में पब्लिश एवं लिस्टेड हो चुके हैं। श्वेता राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की 50 से ज्यादा योग एवं आयुर्वेद के सेमिनार, वेबिनार एवं वर्कशॉप में हिस्सा ले चुकी हैं।

**प्रदेश टुडे**

08-01-2021

# सामाजिक कार्यों के लिए शहर की श्वेता नेमा को राजस्थान में किया सम्मानित



**विदिशा।** अनन्ता योग एवं आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान जोधपुर के संस्थापक एवं विश्व कीर्तिमान रचियता योगाचार्य श्याम भाटी ने बताया कि देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 190 वी जयंती पर राजस्थान राज्य के जोधपुर जिले में आयोजित आदर्श नारी सम्मान, प्रतिभा सम्मान समारोह और रक्तदान शिविर में जबलपुर मध्यप्रदेश की विश्व कीर्तिमान रचियता सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के योग एवं आयुर्वेद विभाग में पीएचडी शोध छात्रा श्वेता नेमा पत्नि पंकज नेमा को जनहितकारी सामाजिक कार्यों के लिए और स्वस्थ एवं शिक्षित समाज निर्माण में सहयोग के लिए गेस्ट ऑफ ऑनर ओर आदर्श नारी सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि देश में योग के क्षेत्र में श्वेता नेमा अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं, विदिशा शहर में निशुल्क योग कक्षाओं का आयोजन कर वर्षो से लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे रही हैं। रिसर्च स्कॉलर श्वेता कई विषयों और रोगों पर रिसर्च कर चुकी हैं, इनके रिसर्च पेपर यूजीसी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की इंडेक्स सहित कही इंडेक्स में पब्लिश एवं लिस्टेड हो चुके हैं। श्वेता राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की 50 से ज्यादा योग एवं आयुर्वेद के सेमिनार, वेबिनार एवं वर्कशॉप में हिस्सा ले चुकी हैं।

# विदिशा टुडे

08-01-2021

# श्वेता नेमा को राजस्थान में किया सम्मानित

**विदिशा टुडे**। अनन्ता योग एवं आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान जोधपुर के संस्थापक एवं विश्व कीर्तिमान रचियता योगाचार्य श्याम भाटी ने बताया कि देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 190 वी जयंती पर राजस्थान राज्य के जोधपुर जिले में आयोजित आदर्श नारी सम्मान, प्रतिभा सम्मान समारोह और रक्तदान शिविर में जबलपुर मध्यप्रदेश की विश्व कीर्तिमान रचियता सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के योग एवं आयुर्वेद विभाग में पीएचडी शोध छात्रा श्वेता नेमा पत्नि पंकज नेमा को जनहितकारी सामाजिक कार्यो के लिए और स्वस्थ एवं शिक्षित समाज निर्माण में सहयोग के लिए गेस्ट ऑफ ऑनर ओर आदर्श नारी सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि देश में योग के क्षेत्र में श्वेता नेमा अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं, विदिशा शहर में निशुल्क योग कक्षाओं का आयोजन कर वर्षों से लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे रही हैं।

रिसर्च स्कॉलर श्वेता कई विषयों और रोगों पर रिसर्च कर चुकी हैं, इनके रिसर्च पेपर यूजीसी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की इंडेक्स सहित कही इंडेक्स में पब्लिश एवं लिस्टेड हो चुके हैं। श्वेता राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की 50 से ज्यादा योग एवं आयुर्वेद के सेमिनार, वेबिनार एवं वर्कशॉप में हिस्सा ले चुकी हैं।

# पीपुल्स समाचार

08-01-2021

## श्वेता नेमा को राजस्थान में किया सम्मानित



**विदिशा**। अनन्ता योग एवं आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान जोधपुर के संस्थापक एवं विश्व कीर्तिमान रचियता योगाचार्य श्याम भाटी ने बताया कि देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 190 वी जयंती पर राजस्थान राज्य के जोधपुर जिले में आयोजित आदर्श नारी सम्मान, प्रतिभा सम्मान समारोह और रक्तदान शिविर में जबलपुर मध्यप्रदेश की विश्व कीर्तिमान रचियता सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विवि के योग एवं आयुर्वेद विभाग में पीएचडी शोध छात्रा श्वेता नेमा पत्नि पंकज नेमा को जनहितकारी सामाजिक कार्यों के लिए और स्वस्थ एवं शिक्षित समाज निर्माण में सहयोग के लिए गेस्ट ऑफ ऑनर और आदर्श नारी सम्मान से सम्मानित किया गया। रिसर्च स्कॉलर श्वेता कई विषयों और रोगों पर रिसर्च कर चुकी हैं, इनके रिसर्च पेपर यूजीसी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की इंडेक्स सहित कही इंडेक्स में पब्लिश एवं लिस्टेड हो चुके हैं।

**दिनांक 18.01.2021**

**प्रेस विज्ञप्ति**

# यूजीसी की टीम ने किया सांची विश्वविद्यालय का दौरा

- चार सदस्यीय विशेषज्ञ दल ने शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की
- 3 वरिष्ठ प्रोफेसर और अनुदान आयोग के अधिकारी थे सम्मिलित
- सुविधाओं, छात्रवृत्ति, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के बारे में ली जानकारी
- सभी कर्मचारियों से भी की एक-एक कर मुलाकात

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यू.जी.सी की टीम सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय पहुंची। सांची विश्वविद्यालय को यू.जी.सी के 12(बी) श्रेणी में सम्मिलित किए जाने के उद्देश्य से यह 4 सदस्यीय टीम दो दिनों के लिए आई थी। इस टीम में 3 वरिष्ठ प्रोफेसर और एक यू.जी.सी के अवर सचिव स्तर के अधिकारी सम्मिलित थे। शनिवार और रविवार को टीम ने विश्वविद्यालय के रायसेन बारला स्थित अकादमिक परिसर में भ्रमण किया और प्रत्येक शिक्षक से अलग-अलग बातचीत कर अधोसंरचना, पाठ्यक्रमों, परीक्षा व्यवस्था, छात्रों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति, हॉस्टल सुविधा, कक्षाओं, लाइब्रेरी सुविधा, वाई-फाई, इंटरनेट, शोध के लिए आवश्यक जर्नल, ऑनलाइन कोर्सों, खेल इत्यादि के विषय में सीधे जानकारी ली।

कविकुल गुरु कालीदाससंस्कृत विश्वविद्यालय,रामटेक, महाराष्ट्र के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वेरखेड़ी की अध्यक्षता में सांची विश्वविद्यालय पहुंची टीम में बनारस हिंदु विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की प्रमुख प्रो. पुष्पलता सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन विभाग के प्रो. के.टी.एस सराव और यू.जी.सी के समन्वयक अधिकारी के रूप में अवर सचिव डॉ. नरेश शर्मा शामिल थे।

यू.जी.सी की टीम ने विश्वविद्यालय के प्रत्येक हॉस्टल, क्लासों, ऑडिटोरियम, गेस्ट हाउस, मैस इत्यादि को देखा और विश्वविद्यालय के कुछ छात्रों से बातचीत की। सांची विश्वविद्यालय के कुलपति व म.प्र शासन संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला, कुलसचिव श्री अदिति कुमार त्रिपाठी से बातचीत कर विश्वविद्यालय के प्रस्तावित भवन के बारे में बातचीत की और उसकी कार्ययोजना, बजट, म.प्र. सरकार से मिल रहे अनुदान इत्यादि के बारे में जानकारी ली।

यू.जी.सी के इस दल ने विश्वविद्यालय के कुछ पाठ्यक्रमों के बारे में सलाह भी दी। टीम के द्वारा बताया गया कि किन अन्य विषयों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किया जा सकता है। इस टीम ने विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों से भी एक-एक कर भेंट की और प्रत्येक के कार्य के विषय में जाना।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इस टीम ने सांची विश्वविद्यालय के सलामतपुर स्थित प्रस्तावित परिसर का भी दौरा किया। म.प्र. सरकार द्वारा सांची विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए सलामतपुर में 120 एकड़ ज़मीन का आवंटन किया गया है। यू.जी.सी की टीम ने प्रस्तावित परिसर पर लगे बोधि वृक्ष के भी दर्शन किए। यह बोधि वृक्ष पौधे के रूप में 2012 में श्रीलंका तत्कालीन राष्ट्रपति श्री महिंदा राजपक्षे साथ लेकर आए थे और उन्होंने इसे यहां लगाया था।

किसी भी विश्वविद्यालय के यू.जी.सी की 12(बी) सूची में सम्मिलित हो जाने पर उसे केंद्रीय सहायता प्राप्त होने लगती है।

# पत्रिका रायसेन

# 19-01-2021



यूजीसी का दौरा

## टीम ने छात्रवृत्ति, सुविधाओं, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की ली जानकारी

**यूजीसी की टीम पहुंची सांची विश्वविद्यालय, सभी कर्मचारियों से भी एक-एक कर की मुलाकात**

**सलामतपुर के प्रस्तावित परिसर का दौरा**

दिनांक 26 जनवरी, 2021

## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## <u>सांची विश्विद्यालय में 72वे गणतंत्र दिवस पर लहराया तिरंगा</u>

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में कोविड -19 के संपूर्ण प्रोटोकॉल के साथ 72वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के डीन डॉ. ओ.पी. बुधोलिया ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात: 8 बजे विश्वविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया। कोविड-19 के कारण आयोजन समारोह में कर्मचारी 2 मीटर से अधिक की भौतिक दूरी के साथ खड़े हुए और तिरंगे को फहराया गया।

डॉ बुधोलिया ने इस अवसर पर संविधान निर्माण के उद्देश्य का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति के माध्यम से ही देश में आध्यात्म और संस्कृति जीवित रह सकती हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री हरीश चंद्रवंशी ने सभी उपस्थितों से कहा कि संकल्प के माध्यम से ही सुधार हो सकेगा। बौद्ध अध्ययन विभाग के सहायक प्राध्यापक ने तिरंगे के रंगों के विषय में बताया और उपस्थित सभी छात्रों, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति श्री शिव शेखर शुक्ला व कुलसचिव श्री अदिति कुमार त्रिपाठी ने सभी छात्रों, कर्मचारियों, अधिकारियों व शिक्षकों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी ।


ADMIN BLOCK

